राजस्थान सरकार
ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
(अनुभाग–3 महात्मा गांधी नरेगा)

दिनांक 12.07.2013 को आयोजित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग की महात्मा गांधी नरेगा योजना से संबन्धित कार्यवाही विवरण

शासन सचिव ग्रामीण विकास एवं आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा की अध्यक्षता में राज्य के समस्त जिलों के जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग का आयोजन किया गया।

वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा उपरान्त निम्नानुसार कार्यवाही किये जाने/निर्णय लिये गये :–

- वर्ष 2012–13 की एमआईएस रिपोर्ट पर प्रदर्शित समस्त शेष भुगतान बुधवार दिनांक 17.07.2013 तक किया जाकर रिपोर्ट में सूचना शून्य की जावे। यदि भुगतान किया जा चुका है तो भुगतान की तिथि अंकित की जावे। यदि किसी तरह की कोई तकनीकी समस्या है तो इस संबन्ध में विभाग को तुरन्त सूचित किया जावे एवं उसका सम्पूर्ण विवरण मेल के माध्यम से विभाग को प्रेषित किया जावे।
- उदयपुर जिले की ऋषभदेव पंचायत समिति जिसका औपचारिक रूप से गठन नही हुआ है, के संबन्ध में एमआईएस पर स्थिति सही की जावे एवं इसमें दर्शायी गयी ग्राम पंचायतों को खैरवाडा पंचायत समिति में सम्मिलित कराया जावे।
- वर्ष 2013–14 के लम्बित भुगतान भी यथा शीघ्र किये जावे।
- वर्ष 2012–13 की सी.ए. ऑडिट रिपोर्ट में 31 मार्च, 2013 तक हो चुके समस्त व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर ही समायोजन किया जाना आवश्यक है। इसके लिए उपयोगिता प्रमाण पत्रों के समायोजन की कार्यवाही त्वरित गति से की जावे एवं 31 अगस्त, 2013 तक सी.ए.ऑडिट रिपोर्ट विभाग को आवश्यक रूप से प्रेषित की जावे।
- एमआईएस पर प्रदर्शित बेरोजगारी भत्ते के संबन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जावे एवं जिन श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ता दिया जाना है, उन्हें नियमानुसार बेरोजगारी भत्ते का भुगतान किया जाकर इसका इन्द्राज एमआईएस पर किया जावे।
- योजनान्तर्गत नियोजित श्रमिकों का मजदूरी भुगतान शीघ्र किया जावे।
- राज्य सरकार के निर्देशानुसार ई–एफएमएस की कार्यवाही समस्त जिलों में तुरन्त प्रभाव से शुरू की जावे।
- कार्यों की पूर्णता के संबन्ध में सघन मॉनिटरिंग की जाकर पूर्व के वर्षों के कार्य जो कि पूर्ण हो चुके है, एमआईएस पर पूर्ण दर्शाये जावे।
- पूर्ण बताये गये भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों के रील द्वारा सोलर पैनल हेतु मौका निरीक्षण करने पर पाया गया है कि विभिन्न जिलों के 70 केन्द्र अभी तक वास्तविक रूप से अपूर्ण है, इन केन्द्रों को 31 जुलाई तक पूर्ण कराये जावे।

- स्थानीय विवाद के कारण अपूर्ण राजीव गांधी सेवा केन्द्रों के संबन्ध में विभाग द्वारा संबन्धित को मार्गदर्शन दिया जा चुका है, तद्नुसार ऐसे राजीव गांधी सेवा केन्द्रों के निर्माण कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराये जावे।
- बजट घोषणा वर्ष 2013 के अनुरूप योजनान्तर्गत वर्ष 2012–13 में 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित किये जाने के लिए दी जाने वाली सहायता राशि रू. 2100/– का भुगतान 19 जुलाई, 2013 तक पूर्ण किया जावे।

वीडियो कान्फ्रेन्सिंग सधन्यवाद समाप्त हुई।

क्रमांक एफ5(15)ग्रावि/नरेगा/प्रगति/2011–12 दिनांक 12 JUL 2013

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग।
2. निजी सचिव, आयुक्त एवं शासन सचिव, ईजीएस।
3. अतिरिक्त आयुक्त प्रथम/द्वितीय, ईजीएस।
4. परि.निदे. एवं उप सचिव, ईजीएस।
5. वित्तीय सलाहकार, ईजीएस।
6. जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक, समस्त राजस्थान।
7. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक महात्मा गांधी नरेगा, राजस्थान एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, समस्त।
8. अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, महात्मा गांधी नरेगा राजस्थान जयपुर/जोधपुर।
9. रक्षित पत्रावली।

12/7/13

अतिरिक्त आयुक्त प्रथम, ईजीएस

E:\MUKESH VIJAYJI\VC psrdpr\Minutes of VC\Minutes of vc 12 07 2013.doc